कार्यालय
# मुख्य मंत्री, उत्तर प्रदेश
लोक भवन, लखनऊ

संख्या Comp. No. 2016292
File no. 34-13093/4/2026

दिनांक 13/02/2026

**ई-ऑफिस**

कृपया मुख्यमंत्री कार्यालय के पत्र संख्या आर-19 (ई-ऑफिस)/34-मां०वि०प्र०/2025 दिनांक 25 अप्रैल, 2025 का सन्दर्भ ग्रहण करें जिसमें अपेक्षा की गई थी कि प्रदेश के समस्त कार्यालयों (सचिवालय, निदेशालय/मुख्यालय, मण्डल, जनपद, तहसील, विकास खण्ड आदि) में प्रत्येक दशा में 30 अप्रैल, 2025 तक पत्रावलियों का व्यवहरण एवं पत्राचार ई-ऑफिस के माध्यम से ही किया जाए। उक्त तिथि के पश्चात किसी भी दशा में ऑफलाइन पत्रावलियों का व्यवहरण व पत्राचार स्वीकार न किया जाए।

2- उक्त के क्रम में नोडल एजेन्सी UPLC द्वारा संलग्न रिपोर्ट दिनांक 21 जनवरी, 2026 के माध्यम से अवगत कराया गया है कि कतिपय कार्मिकों/यूजर्स द्वारा पूरे 01 माह की अवधि (21 दिसम्बर, 2025 मे 20 जनवरी, 2026 तक) में लॉगिन ही नहीं किया गया है (सूची संलग्न/ई-मेल से प्रेषित)।

3- ज्ञातव्य है कि नोडल संस्था UPLC द्वारा माह फरवरी, 2025 से दिसम्बर, 2025 तक लगातार प्रत्येक कार्यदिवस में Zoom के माध्यम से ई-ऑफिस ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र संचालित किए गए हैं। **बार-बार निर्देशित किए जाने तथा उक्त प्रकार से प्रशिक्षण/हैण्ड-होल्डिंग के उपरान्त भी कतिपय यूजर्स द्वारा ई-ऑफिस पर कार्य न किया जाना घोर अनुशासनहीनता है, जो स्वीकार्य नहीं है।**

4- उपर्युक्त स्थिति पर मा० मुख्यमंत्री जी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपेक्षा की गई है कि प्रदेश के समस्त कार्यालयों (सचिवालय, निदेशालय/मुख्यालय, मण्डल, जनपद, तहसील, विकास खण्ड आदि) में कार्मिकों द्वारा कार्यालयी कार्यों के निष्पादन हेतु अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस का प्रयोग किया जाए। **ई-ऑफिस पर कार्य करने के उपरान्त ही सम्बन्धित कार्मिकों का वेतन आहरित किया जाए।**

**ई-ऑफिस पर पूरे माह कार्य नहीं करने वाले कार्मिक का वेतन आहरित होने की दशा में सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष/ आहरण-वितरण अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। किसी भी कार्यालय में ई-ऑफिस अद्यतन कार्यान्वित नहीं हुआ है, तो सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे।**

संलग्नक: उक्तवत।

Digitally signed by
SANJAY PRASAD
Date: 09-02-2026
**(संजय प्रसाद)**
अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री।

1- अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उत्तर प्रदेश।
2- समस्त अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव / सचिव, उ०प्र० शासन।
3- समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
4- समस्त मण्डलायुक्त/ जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5- समस्त मुख्य कार्यपालक अधिकारी, औद्योगिक विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
6- समस्त उपाध्यक्ष, विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
7- समस्त नगर आयुक्त, नगर निगम, उत्तर प्रदेश।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव/ सचिव / विशेष सचिव, मुख्यमंत्री, उ०प्र० शासन।
2. प्रमुख सचिव, आईटी एवं इलैक्ट्रॉनिक्स विभाग, उ०प्र० शासन।
3. प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को/यू.पी.एल.सी. उत्तर प्रदेश।
4. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, NIC उत्तर प्रदेश।
5. वरिष्ठ निदेशक (आई०टी०) (श्री शैलेश श्रीवास्तव), NIC उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

Digitally signed by
ARVIND MOHAN
Date: 13-02-2026
12:38:07

(अरविन्द मोहन)
संयुक्त सचिव, मुख्यमंत्री।

# eOffice not login users vs total users

## Report Period 21-12-2025 to 20-01-2026

| S.No. | Department | Grand Total | YES | NO | No % |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अतिरिक्त उर्जा स्रोत | 110 | 69 | 41 | **37.27%** |
| 2 | अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ | 476 | 364 | 112 | **23.53%** |
| 3 | अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास | 778 | 223 | 555 | **71.34%** |
| 4 | आई.टी. एवं इलैक्ट्रानिक्स | 153 | 144 | 9 | **5.88%** |
| 5 | आबकारी | 712 | 363 | 349 | **49.02%** |
| 6 | आयुष | 651 | 338 | 313 | **48.08%** |
| 7 | आवास एवं शहरी नियोजन | 2,243 | 1,308 | 935 | **41.69%** |
| 8 | उच्च शिक्षा | 585 | 326 | 259 | **44.27%** |
| 9 | उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण | 641 | 292 | 349 | **54.45%** |
| 10 | उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप | 80 | 44 | 36 | **45.00%** |
| 11 | ऊर्जा | 149 | 55 | 94 | **63.09%** |
| 12 | कारागार | 199 | 114 | 85 | **42.71%** |
| 13 | कार्मिक | 428 | 84 | 344 | **80.37%** |
| 14 | कृषि | 3,847 | 1,895 | 1,952 | **50.74%** |
| 15 | कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार | 588 | 324 | 264 | **44.90%** |
| 16 | कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान | 17 | 5 | 12 | **70.59%** |
| 17 | खादी एवं ग्रामोद्योग | 271 | 202 | 69 | **25.46%** |
| 18 | खाद्य एवं रसद | 1,878 | 914 | 964 | **51.33%** |
| 19 | खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन | 754 | 370 | 384 | **50.93%** |
| 20 | खेलकूद | 164 | 67 | 97 | **59.15%** |
| 21 | गृह | 326 | 135 | 191 | **58.59%** |
| 22 | ग्रामीण अभियंत्रण | 1,417 | 746 | 671 | **47.35%** |
| 23 | ग्राम्य विकास | 5,924 | 3,275 | 2,649 | **44.72%** |
| 24 | चिकित्सा शिक्षा | 1,803 | 343 | 1,460 | **80.98%** |
| 25 | चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण | 2,815 | 989 | 1,826 | **64.87%** |
| 26 | चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास | 814 | 428 | 386 | **47.42%** |
| 27 | दिव्यांगजन सशक्तीकरण | 256 | 198 | 58 | **22.66%** |
| 28 | दुग्ध विकास | 235 | 148 | 87 | **37.02%** |
| 29 | धर्मार्थ कार्य | 17 | 11 | 6 | **35.29%** |
| 30 | नगर विकास, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन | 3,370 | 964 | 2,406 | **71.39%** |
| 31 | नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति | 1,336 | 562 | 774 | **57.93%** |
| 32 | नागरिक उड्डयन | 51 | 9 | 42 | **82.35%** |
| 33 | नागरिक सुरक्षा | 68 | 51 | 17 | **25.00%** |
| 34 | नियोजन | 1,390 | 1,115 | 275 | **19.78%** |
| 35 | निर्वाचन | 444 | 249 | 195 | **43.92%** |
| 36 | न्याय | 78 | 2 | 76 | **97.44%** |

| Report Period 21-12-2025 to 20-01-2026 | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **S.No.** | **Department** | **Grand Total** | **YES** | **NO** | **No %** |
| 37 | पंचायती राज | 1,409 | 558 | 851 | **60.40%** |
| 38 | परिवहन | 631 | 327 | 304 | **48.18%** |
| 39 | पर्यटन | 272 | 220 | 52 | **19.12%** |
| 40 | पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन | 1,762 | 772 | 990 | **56.19%** |
| 41 | पशुधन | 1,028 | 490 | 538 | **52.33%** |
| 42 | पिछड़ा वर्ग कल्याण | 330 | 280 | 50 | **15.15%** |
| 43 | प्रशासनिक सुधार | 29 | 13 | 16 | **55.17%** |
| 44 | प्राविधिक शिक्षा | 1,418 | 721 | 697 | **49.15%** |
| 45 | बेसिक शिक्षा | 1,907 | 780 | 1,127 | **59.10%** |
| 46 | भाषा | 45 | 8 | 37 | **82.22%** |
| 47 | भूतत्व एवं खनिकर्म | 216 | 156 | 60 | **27.78%** |
| 48 | मत्स्य | 428 | 315 | 113 | **26.40%** |
| 49 | महिला एवं बाल विकास | 911 | 470 | 441 | **48.41%** |
| 50 | माध्यमिक शिक्षा | 1,649 | 544 | 1,105 | **67.01%** |
| 51 | युवा कल्याण | 215 | 131 | 84 | **39.07%** |
| 52 | राजनीतिक पेंशन | 5 | 1 | 4 | **80.00%** |
| 53 | राजस्व एवं आपदा | 7,850 | 3,758 | 4,092 | **52.13%** |
| 54 | राज्य कर | 828 | 499 | 329 | **39.73%** |
| 55 | राज्य संपत्ति | 22 | 6 | 16 | **72.73%** |
| 56 | रेशम विकास | 89 | 66 | 23 | **25.84%** |
| 57 | लोक निर्माण | 10,152 | 6,850 | 3,302 | **32.53%** |
| 58 | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी | 98 | 94 | 4 | **4.08%** |
| 59 | वित्त | 1,677 | 951 | 726 | **43.29%** |
| 60 | व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास | 753 | 296 | 457 | **60.69%** |
| 61 | श्रम एवं सेवायोजन | 2,733 | 1,663 | 1,070 | **39.15%** |
| 62 | संस्कृति | 91 | 75 | 16 | **17.58%** |
| 63 | सचिवालय प्रशासन | 17 | 15 | 2 | **11.76%** |
| 64 | सतर्कता | 18 | 13 | 5 | **27.78%** |
| 65 | समाज कल्याण | 1,007 | 519 | 488 | **48.46%** |
| 66 | सहकारिता | 1,786 | 1,150 | 636 | **35.61%** |
| 67 | सार्वजनिक उद्यम | 41 | 41 | 0 | **0.00%** |
| 68 | सिंचाई एवं जल संसाधन | 7,933 | 2,865 | 5,068 | **63.89%** |
| 69 | सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम | 998 | 597 | 401 | **40.18%** |
| 70 | सूचना | 198 | 70 | 128 | **64.65%** |
| 71 | सैनिक कल्याण | 287 | 186 | 101 | **35.19%** |
| 72 | स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन | 402 | 148 | 254 | **63.18%** |
| 73 | हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग उद्योग | 208 | 147 | 61 | **29.33%** |
| 74 | होमगार्ड | 410 | 253 | 157 | **38.29%** |
| **Grand Total** | | **84,921** | **42,774** | **42,147** | **49.63%** |